संख्या– 1309 /XXIV-C-1/2023-12(12)2022

प्रेषक,

ब्योमकेश दूबे,
उप सचिव
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

1. कुलसचिव,
श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल।

2. कुलसचिव,
कुमाऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

3. कुलसचिव,
सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 (समर्थ पोर्टल) दिनांकः 12 दिसम्बर, 2023

विषय–शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया की तिथि विस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त सम्बन्ध में राज्याधीन विश्वविद्यालयों द्वारा शासन के संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय विद्यार्थी स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं में प्रवेश से वंचित रह गये हैं। उक्त छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित किये जाने के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा प्रवेश पंजीकरण एवं सत्यापन की अंतिम तिथि विस्तारित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। आप विज्ञ ही हैं कि शासन के पत्रांक संख्याः 1216/XXIV-C-1/2023-12(12) 2022 दिनांक 09 नवम्बर 2023 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 में स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ प्रवेश पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किये जाने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर 2023 निर्धारित की गयी थी। उक्त अवधि के उपरान्त भी छात्रों का पंजीकरण व सत्यापन प्रक्रिया सम्पादित न हो पाना स्वस्थ कार्यप्रणाली का द्योतक नहीं है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त छात्रहित में समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया की तिथि निम्नवत विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है–

विद्यार्थियों द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकरण की विस्तारित अंतिम तिथि	14 दिसम्बर 2023
विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया मेरिट, काउंसलिंग, शुल्क भुगतान तथा किये गये प्रवेशों को समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन सत्यापित करने की अंतिम तिथि	16 दिसम्बर 2023

3– उक्त तिथि अंतिम बार विस्तारित की जा रही है। यदि उक्त विस्तारित तिथि में प्रवेश पंजीकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सम्पादित/पूर्ण नहीं की जाती है तो शासन द्वारा इसका गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए/उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा एवं नियमसंगत अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

भवदीय
Signed by Byomkesh Dubey
Date: 12-12-2023 14:08:35
(ब्योमकेश दूबे)
उपसचिव

पृ0सं0: 1309/XXIV-C-1/2023-12(12)2022, तद्दिनांक
प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव–सचिव उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निजी सचिव–मा0 कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी, उत्तराखण्ड (नैनीताल)।
4. श्री संजीव सिंह, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर–समर्थ टीम, नई दिल्ली को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्य में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड को समर्थ कार्मिकों द्वारा सहयोग प्रदान करें।

Signed by Deepak Kumar
Date: 12-12-2023 14:11:19
(दीपक कुमार)
अनु सचिव